दिनांक 30 जनवरी 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

वैक्सीनेशन मोटिवेशन - 1 दिन में 42000 को कॉलिंग, 9800 लोगों का हुआ वेरिफिकेशन, मिला त्वरित सर्टिफिकेट

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर बचे हुए लोगों को वैक्सिनेट करने का काम किया जा रहा है। कोविड- 19 से बचाव के लिए शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को साधने के लिए भिलाई निगम महापौर नीरज पाल के नेतृत्व में लगातार प्रयास किया जा रहा है। वैक्सीनेशन महाअभियान छेड़कर एक दिन में 10 हजार की संख्या में टीकाकरण किया गया था , वहीं डोर टू डोर वैक्सीनेशन के माध्यम से छुटे हुए हितग्राहियों को वैक्सीनेट करने का काम निगम प्रशासन ने किया है। किसी भी स्तर से छूटे हुए लोगों के टीकाकरण को लेकर निगम नित्य नए प्रयास कर रही है। टीकाकरण के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में रोजाना कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी इस कार्य में अपना सहयोग दे रहे हैं। टीकाकरण केंद्रों में कोविशील्ड एवं को-वैक्सीन के प्रथम एवं द्वितीय डोज की व्यवस्था भी है , इसी के साथ ही बूस्टर डोज पर भी पूरा फोकस निगम कर रही है। टीकाकरण को लेकर नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कर दी है। नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त सुनील अग्रहरि टीकाकरण के लिए कर्मचारियों से फीडबैक ले रहे है। फीडबैक के आधार पर लक्ष्य को साधने की रणनीति तैयार कर इस पर काम किया जा रहा है। एक ही दिन में 42000 लोगों को कॉलिंग , 9800 को मिला त्वरित सर्टिफिकेट वैक्सीनेशन के लिए बचे हुए लोगों को टीकाकरण करवाने के लिए आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं उपायुक्त सुनील अग्रहरी ने कार्य योजना बनाई है और ऐसे हितग्राहियों के नाम और मोबाइल नंबर की सूची उपलब्ध कराई है। इन्हें टीका लगवाने के लिए कर्मचारियों की बैठक आहूत की गई और बैठक के अनुरूप दूसरे दिन से काम प्रारंभ हो गया। 40 से 50 कर्मचारियों को कांटेक्ट ट्रेसिंग , वेरिफिकेशन करने, सर्टिफिकेशन प्रदान करने के सहायता के लिए तथा लोगों को मोटिवेशन करने के लिए लगाया गया है। टीम का कोआर्डिनेशन सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस, अहमद हुसैन, गुलशन रेडी, अखिलेश कुमार, वीरेंद्र बम भोले एवं पलाश पंचभाई कर रहे हैं। वहीं रविवार को भी अवकाश के दिन टीम के सरिता साहू , माधुरी कुमारी, पलक तारक, जमुना गुड्डा, नाहिद, सोनम राजबाहर, संगीता खैरवार, सलमा खातून, सलोनी पांडे, आशीष सोनी, दिनेश कुमार यादव, निजामुद्दीन, आस्था शर्मा, कमल कांत एवं रोशन कुमार कांटेक्ट ट्रेसिंग के लिए जुटे रहे। टीकाकरण के लिए एक ही दिन में 42000 लोगों से संपर्क कर उनसे बात की गई है। जिनमें से 9800 लोगों का वेरिफिकेशन कर उन्हे प्रमाण पत्र दिलवाया गया। यही नहीं निगम सभी छूटे हुए लोगों को नजदीकी टीकाकरण केंद्र का स्थल बताकर उन्हें टीकाकरण लगवाने प्रेरित कर रहे हैं ,

परिणाम स्वरूप टीकाकरण केंद्रों की तरफ लोग रुख कर रहे हैं और टीकाकरण करवा रहे हैं। इसके बाद फीडबैक भी लिया जाएगा कि उन्होंने टीकाकरण करवाया है या नहीं। टीकाकरण में किसी प्रकार की दिक्कतें तो नहीं आ रही है इस संबंध में जानकारी ली जाएगी। इस अनुरूप समस्याओं का समाधान कर पुनः उन्हें टीकाकरण करने सहायता की जाएगी और टीका लगवाया जाएगा।